कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बरेली।

निविदा सूचना

जनपद न्यायालय, बरेली हेतु दो हेवी डयुटी फोटोकापियर मशीनों (प्रतिष्ठित कम्पनी की) को क्रय किये जाने हेतु सील बन्द निविदायें दिनांक 22-10-18 के दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। नियत समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। प्राप्त निविदायें दिनांक 24-10-18 समय 4 बजे सांय क्रय समिति के समक्ष न्यायालय भवन के सभागार में खोली जायेंगी।

फोटोकापियर मशीनों का विवरण एवं निविदा के नियम एवं शर्ते माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आफिशियल वेबसाइट www.allahabadhighcourt.in तथा जनपद न्यायालय, बरेली की आफिशियल वेबसाइट www.districts.ecourts.gov.in/bareilly पर भी उपलब्ध है। निविदा के नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में केन्द्रीय नज़ारत, जनपद न्यायालय, बरेली के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती हैं।

(विजय कुमार कटियार)
सदस्य क्रय समिति/
अपर सिविल जज, सी0डि0,
कक्ष सं0–4, बरेली।

(बृजेश मणि त्रिपाठी)
सदस्य क्रय समिति/
विशेष न्यायाधीश, पी0सी0एक्ट,
कक्ष सं0 2, बरेली।

(देवेन्द्र सिंह)
अध्यक्ष, क्रय समिति/
प्रभारी अधिकारी,नज़ारत
विशेष न्यायाधीश, पी0सी0एक्ट,
कक्ष सं0 1, बरेली।

प्रतिलिपि :–

1- सेण्ट्रल प्रोजेक्ट को--आर्डिनेटर, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
2- नोडल आफिसर (कम्प्यूटर), जनपद न्यायालय, बरेली को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3- कार्यालय जिला अधिकारी, बरेली के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने हेतु।
4- जिला सूचना–विज्ञान अधिकारी, बरेली को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5- कार्यालय जिला सूचना अधिकारी, बरेली को समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशन हेतु।
6- कार्यालय निदेशक, सूचना एंव जनसम्पर्क विभाग, लखनऊ को निशुल्क प्रकाशन हेतु।

10/10/18
(विजय कुमार कटियार)
सदस्य क्रय समिति/
अपर सिविल जज, सी0डि0,
कक्ष सं0–4, बरेली।

10/10/18
(बृजेश मणि त्रिपाठी)
सदस्य क्रय समिति/
विशेष न्यायाधीश, पी0सी0एक्ट,
कक्ष सं0 2, बरेली।

10/10/18
(देवेन्द्र सिंह)
अध्यक्ष, क्रय समिति/
प्रभारी अधिकारी,नज़ारत
विशेष न्यायाधीश, पी0सी0एक्ट,
कक्ष सं0 1, बरेली।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बरेली।

फोटोकापियर मशीनो के निविदा आमंत्रित करने हेतु नियम व शर्तें

1. निविदा की नियत तारीख और समय के बाद प्राप्त निविदाओं को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नही किया जायेगा।
2. प्राप्त निविदायें दिनांक 24-10-18 को समय 4 बजे सांय क्रय समिति के समक्ष जनपद न्यायालय भवन, बरेली के सभागार में खोली जायेंगी। यदि निविदा के किसी भी स्तर पर कोई जानकारी मिथ्या/झूठी पायी जाती है तो उक्त निविदा तुरन्त अस्वीकार कर दी जायेगी और आगे मान्य नहीं होगी।
3. निविदा प्रकिया में चयनित निविदाकार द्वारा केन्द्र/राज्य द्वारा देय सेवाकर/वैट/अन्य कर का स्वंय उत्तरदायी होगा। उक्त के सम्बन्ध में जनपद न्यायालय, बरेली की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
4. निविदाकार को फोटोकापियर मशीनों के निर्माण/अधिकृत वितरक का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि आवश्यक होगा तो सत्यापन भी कराया जा सकता है।
5. चयनित निविदाकार की यह भी जिम्मेदारी होगी कि संविदात्मक फर्म के द्वारा मरम्मत वारण्टी/गारन्टी अवधि के दौरान मशीन को बदलेगें अथवा मरम्मत करायेगें।
6. चयनित निविदाकार की यह भी जिम्मेदारी होगी कि नई मशीनों की स्थापना योग्य तकनीशियनों द्वारा ही की जाये तथा मशीनों के स्थापना में किसी भी प्रकार की हानि, क्षति व खर्च की पूर्ण जिम्मेदारी निविदाकार की होगी।
7. समस्त मशीनें अपूर्तिकर्ता को केन्द्रीय नज़ारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, बरेली में स्वंय अपने व्यय/खर्चे पर पहुँचा कर न्यायालय में बताये गये स्थानों पर स्थापित करनी होगी।
8. अपूर्तिकर्ता को निविदा की धरोहर धनराशि रु0 20,000=-दिनांक 22-10-18 को दोपहर 12 बजे तक कैशियर जनपद न्यायालय, बरेली के पास जमा करनी होगी।
9. निविदा स्वीकृत होने की दशा में अन्दर .... दिन समस्त मशीन/मशीनों को अपने व्यय पर न्यायालय में बताये गये स्थानो पर स्थापित करना होगा अन्यथा 15 दिन के बाद प्रथम निविदाकार की धरोहर धनराशि को जब्त करके अन्य शर्तें पूरी होने के उपरान्त द्वितीय निविदाकार के पक्ष में छोड़ दी जायेगी।
10. निविदाकार को निविदा के साथ मशीनों का मूल्य व माडल व ब्राण्ड का नाम भी अंकित कर संलग्न करना होगा।
11. किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश, बरेली में निहित है।
12. किसी भी गैर अनुपालन निविदा को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
13. किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र जनपद न्यायालय, बरेली होगा।

10/10/18
(विजय कुमार कटियार)
सदस्य कय समिति/
अपर सिविल जज, सी0डि0,
कक्ष सं0–4, बरेली।

10/10/18
(बृजेश मणि त्रिपाठी)
सदस्य कय समिति/
विशेष न्यायाधीश, पी0सी0एक्ट,
कक्ष सं0 2, बरेली।

10/10/18
(देवेन्द्र सिंह)
अध्यक्ष, कय समिति/
प्रभारी अधिकारी,नज़ारत
विशेष न्यायाधीश, पी0सी0एक्ट,
कक्ष सं0 1, बरेली।